Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 07 जून 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 250

# लोकसभा चुनाव में 74 महिला उम्मीदवारों ने दर्ज की जीत

**नईदिल्ली | आरएनएस**

लोकसभा चुनाव के नतीजे 4 जून को आ गए. इस बार 17वीं लोकसभा के मुकाबले महिला प्रतिनिधियों की संख्या में गिरावट हुई है. बीजेपी उम्मीदवार मेनका गांधी और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी भी इस बार लोकसभा चुनाव हार गईं. जबकि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष इस बार लोकसभा चुनाव न लडक़र राजस्थान से राज्यसभा पहुंच गईं. 2019 के लोकसभा में 17वीं लोकसभा के कुल 78 महिला उम्मीदवार चुनाव जीतकर संसद पहुंचीं थी लेकिन 18वीं लोकसभा में महिला सदस्यों की संख्य कम हो गई है. दरअसल, इस बार कुल 74 महिला उम्मीदवार चुनाव जीतकर संसद पहुंची हैं. संख्या के लिहाज से इस बार लोकसभा में महिलाओं की हिस्सेदारी सिर्फ 13.62 प्रतिशत होगी.

इस बार सबसे ज्यादा बंगाल में महिलाओं ने लोकसभा चुनाव जीता है. पश्चिम बंगाल से कुल 11 महिला उम्मीदवार चुनाव जीतकर संसद पहुंची हैं. इस बार लोकसभा चुनाव में कुल 797 महिला उम्मीदवरा चुनावी मैदान में थीं. इनमें सबसे ज्यादा बीजेपी ने 69 महिलाओं को चुनावी मैदान में उतारा था. इसके बाद कांग्रेस ने 41 महिलाओं को अपना प्रत्याशी बनाया था. बता दें कि लोकसभा एवं विधान सभाओं में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण देने वाला विधेयक संसद से पारित होने के बाद यह पहला लोकसभा चुनाव था, हालांकि ये कानून अभी तक लागू नहीं हुआ है.

जानकारी के मुताबिक, इस बार चुनी गई कुल 74 महिला सांसदों में से 16 प्रतिशत की उम्र 40 वर्ष से कम है, जबकि 41 प्रतिशत ऐसी महिला सांसद बनी हैं जो पहले भी लोकसभा की सदस्य रह चुकी हैं. जबकि एक महिला सांसद राज्य सभा में प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं.



चुनाव आयोग से मिले आंकड़ों के मुताबिक, इस बार बीजेपी की 30, कांग्रेस की 14, तृणमूल कांग्रेस की 11, समाजवादी पार्टी की चार, द्रमुक की तीन, जदयू एवं लोजपा (रामविलास) की दो-दो महिला प्रत्याशी चुनाव जीतकर संसद पहुंची हैं. विश्लेषण के मुताबिक, महिलाओं के प्रतिनिधित्व के मामले में भारत अभी भी कई देशों से पीछे हैं. जो एक चिंता का विषय है. उदाहरण के तौर पर दक्षिण अफ्रीका में 46 प्रतिशत महिलाएं संसद में प्रतिनिधित्व करती हैं. जबकि ब्रिटेन में ये संख्या 35 प्रतिशत हबै. वहीं अमेरिका में 29 प्रतिशत महिलाएं सांसद हैं. वहीं 18वीं लोकसभा में इस बार चुनाव जीतकर कुल 280 नए चेहरे संसद पहुंचे हैं. इनमें पूर्व मुख्यमंत्री, फिल्मी सितारे, राजनीतिक कार्यकर्ता और हाईकोर्ट के पूर्व जज का नाम भी शामिल है. इन प्रमुख चेहरों में किशोरी लाल शर्मा, चंद्रशेखर आजाद, पीयूष गोयल, भूपेंद्र यादव, धर्मेंद्र प्रधान, मनसुख मांडविया, परषोत्तम रूपाला जैसे नाम शामिल हैं. नए चेहरों में उत्तर प्रदेश से सर्वाधिक अधिक 45 और महाराष्ट्र से 33 उम्मीदवार पहली बार चुनाव जीतकर संसद के सदस्य बने हैं.

## इंदिरा गांधी के हत्यारे के बेटे समेत 7 निर्दलीय उम्मीदवार बने सांसद

**नईदिल्ली | आरएनएस**

लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को 292 सीटें मिली हैं, जबकि इंडिया गठबंधन के हिस्से 234 सीटें आई हैं। अन्य के खाते में 17 सीटें गई हैं।इन 17 में से 7 उम्मीदवार ऐसे है, जिन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की। इनमें से 3 उम्मीदवारों ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को एक लाख से ज्यादा वोटों से हराया है।आइए निर्दलीय चुनाव जीतने वाले उम्मीदवारों के बारे में जानते हैं।

जम्मू-कश्मीर की बारामूला सीट पर बड़ा उलटफेर हुआ है। यहां से निर्दलीय उम्मीदवार शेख अब्दुल रशीद ने पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को 2 लाख से ज्यादा वोटों से हरा दिया है।खास बात है



कि शेख ने जेल में रहते हुए उमर को पटखनी दी है। शेख फिलहाल आतंकी फंडिंग के मामले में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। उन्हें 2019 में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने गिरफ्तार किया था।

खालिस्तान समर्थक और वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह ने पंजाब की खडूर साहिब सीट से जीत दर्ज की है। उन्होंने कांग्रेस के कुलबीर सिंह जीरा को 1.97 लाख वोटों से हराया है।अमृतपाल ने भी ये चुनाव जेल में रहते लड़ा था। वे फिलहाल राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद है। पिछले साल लंबी भागदौड़ के बाद पुलिस ने अमृतपाल को गिरफ्तार किया था।

पंजाब की फरीदकोट सीट से निर्दलीय उम्मीदवार सरबजीत सिंह खालसा ने करमजीत सिंह अनमोल को 70,000 से अधिक वोटों से हराकर जीत दर्ज की है। सरबजीत इंदिरा गांधी की हत्या के आरोपी बेअंत सिंह के बेटे हैं।इससे पहले वे 2004 में बठिंडा से भी चुनाव लड़े थे, लेकिन हार गए थे। 2007 के पंजाब विधानसभा चुनावों में भी सरबजीत को हार मिली थी। 2014 और 2019 लोकसभा चुनावों में भी वे हार गए थे।

पप्पू यादव ने बिहार की पूर्णिया सीट से निर्दलीय जीत दर्ज की है। उन्होंने मार्च में अपनी जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय कर दिया था। तब कहा गया था कि इंडिया की ओर से पप्पू को पूर्णिया से उम्मीदवार बनाया जाएगा।हालांकि, सीट बंटवारे में ये सीट राष्ट्रीय जनता दल को चली गई और उसने यहां उम्मीदवार खड़ा कर दिया। पप्पू ने यहां 23,000 से अधिक वोटों से जीत दर्ज की है।

दमन और दीव से निर्दलीय उम्मीदवार पटेल उमेशभाई बाबूभाई ने मौजूदा भाजपा सांसद लालूभाऊ बाबूभाई पटेल को 6,225 वोटों से हराया।लद्दाख से निर्दलीय मोहम्मद हनीफा ने कांग्रेस के सेरिंग नामग्याल को हराया है। ये चौथी बार है, जब लद्दाख की सीट पर किसी निर्दलीय को जीत मिली है।महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री वसंतराव पाटिल के पोते विशाल पाटिल ने सांगली सीट से भाजपा के संजय पाटिल को एक लाख से भी ज्यादा वोटों से हराकर जीत दर्ज की है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### लखीसराय में पटना-झारखंड पैसेंजर के डिब्बों में लगी आग, धू-धू का जलती नजर आई

**पटना (आरएनएस)।** बिहार के लखीसराय में ट्रेन हादसा हुआ है. यात्रियों से भरी पटना-झारखंड पैसेंजर के डिब्बों में आग लग गई है. जिसके बाद ट्रेन धू-धू कर जलती नजर आ रही है. हादसे के बाद का वीडियो भी सामने है. वीडियो में देखा जा सकता है कि ट्रेन धू-धू कर जल रही है. जानकारी के अनुसार लखीसराय के किऊल जंक्शन पर डाउन लाइन पर आकर यह ट्रेन रुकी हुई थी. इसी समय गुरुवार को देर शाम ट्रेन में भीषण आग लग गई है. आग लगते ही ट्रेन के बीच की बोगी जलने लगी. जिसके बाद ट्रेन में हडक़ंप मच गई और ट्रेन में सवार यात्री कूदकर अपनी जान बचाई. फिलहाल मौके पर दमकल की कई गाडिय़ां मौके मौजूद हैं और आग पर काबू पाने की कोशिश जारी है.

### जयपुर के एक कोचिंग सेंटर में लगी आग, बाल-बाल बचे लोग


**जयपुर (आरएनएस)।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में गुरुवार को गोपालपुरा स्थित एक कोचिंग सेंटर में आग लग गई। घटना के समय सेंटर में कई छात्र और अन्य लोग मौजूद थे।हादसे की सूचना पर अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। उन्होंने 35 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि गोपालपुरा में फर्नीचर की दुकान के ऊपर कोचिंग सेंटर चलता है, जिसमें छात्रों को कम्प्यूटर संबंधित ट्रेनिंग दी जाती है और प्लेसमेंट होता है।यहां दोपहर बाद फर्नीचर की दुकान में आग लगी थी, जिसकी लपटें कोचिंग सेंटर तक पहुंच गई। दमकल के वाहनों ने कोचिंग सेंटर की खिड़कियां तोडक़र आग पर काबू पाया।आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। मामले की जांच चल रही है।

### दिल्ली को हिमाचल प्रदेश से मिलेगा अतिरिक्त पानी, सुप्रीम कोर्ट ने दिए निर्देश

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली को जल्द जल संकट से राहत मिल सकती है। जल संकट को लेकर दिल्ली सरकार की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई।इस दौरान कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश को दिल्ली के लिए अतिरिक्त पानी छोडऩे का निर्देश दिया है। कोर्ट ने हरियाणा सरकार से कहा है कि वह दिल्ली में पानी पहुंचने की राह में रोड़ा न बने, बल्कि सहयोग करे।कोर्ट ने कहा है कि पानी की बर्बादी न हो इसका भी ध्यान रखा जाए। कोर्ट ने कहा, चूंकि हिमाचल प्रदेश को कोई आपत्ति नहीं है, इसलिए हम निर्देश देते हैं कि वह ऊपरी धारा से 127 क्यूसेक पानी छोड़े, जो हथिनीकुंड बैराज तक पहुंचे और फिर वजीराबाद होते हुए दिल्ली पहुंचे। आवश्यकता को देखते हुए हम हिमाचल प्रदेश को हरियाणा को पूर्व सूचना देते हुए कल पानी छोडऩे का निर्देश देते हैं। अपर यमुना रिवर बोर्ड आगे की आपूर्ति के लिए पानी की स्थिति मापेगा।

## सीआईएसएफ जवान ने कंगना रनौत को जड़ा थप्पड़, चंडीगढ़ से जा रही थीं दिल्ली

**चंडीगढ़ | आरएनएस**



लोकसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से कंगना रणौत के सिर जीत का ताज सजा है। कंगना ने कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह को हराया है। आज चंडीगढ़ से दिल्ली जाते से मोहाली एयरपोर्ट पर महिला सिपाही ने कंगना रनौत को थप्पड़ जड़ दिया।

चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर दोपहर 3:40 बजे सीआईएसएफ की कुलविंदर कौर ने कंगना को थप्पड़ मारने का आरोप है। जब वह चंडीगढ़ से दिल्ली वापस जा रही थीं। बताया जा रहा है कि किसानों पर कंगना के दिए बयान को लेकर महिला सिपाही नाराज थी।

लोकसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट पर भाजपा प्रत्याशी बॉलीवुड क्वीन कंगना रणौत के सिर जीत का ताज सजा है। कंगना ने मंडी की बाजी मार ली, वहीं कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह को हार का सामना करना पड़ा है। संसदीय क्षेत्र मंडी के चुनावी रण में 10 प्रत्याशी उतरे थे। मंडी सीट पर देशभर की नजरें लगी हुई थीं। मुख्य मुकाबला कंगना और विक्रमादित्य सिंह के बीच ही रहा। कंगना ने कुल 5,37,022 वोट हासिल किए।

## 9 जून को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे नरेंद्र मोदी, शपथ ग्रहण समारोह में पड़ोसी देश नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका, भूटान के राष्ट्र प्रमुखों को दिया गया है न्योता

**नईदिल्ली | आरएनएस**

लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे आने के बाद भाजपा के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) केंद्र में सरकार बनाने के लिए तैयार है। वह 8 जून को दावा पेश करेगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, इसके बाद नरेंद्र मोदी 9 जून को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में पड़ोसी देश नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका, भूटान के राष्ट्र प्रमुखों को न्योता दिया गया है।इससे पहले 7 जून को संसदीय दल की बैठक होगी।

संसदीय दल की बैठक सुबह 11 बजे संसद के सेंट्रल हॉल में होगी। इसके बाद 8 जून को मोदी राष्ट्रपति



द्रौपदी मुर्मू को सभी सांसदों का समर्थन पत्र सौंपेंगे।बैठक में एनडीए के सांसदों के बीच मंत्रालयों के बंटवारे पर भी सहमति बनाने की कोशिश होगी।बता दें, मोदी ने बुधवार को राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंपा था। राष्ट्रपति ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर 17वीं लोकसभा भंग कर दी। हालांकि, नई सरकार के गठन तक मोदी कार्यवाहक प्रधानमंत्री हैं।

लोकसभा चुनाव के अंतिम नतीजों में एनडीए को 292 सीटें मिली हैं, जबकि इंडिया गठबंधन के हिस्से 234 सीटें आई हैं। अन्य के खाते में 17 सीटें गई हैं। भाजपा को 240 और कांग्रेस को 99 सीटें मिली हैं। इसके बाद समाजवादी पार्टी (सपा) को 37, गठबंधन कांग्रेस को 29, द्रविड़ मुनेत्र कडगम (डीएमके) को 22, टीडीपी को 16, जेडीयू को 12, दलित (उद्धव) को 9, एनसीपी (शरद) को 8 और दलित (शिंदे) को 7 सीटें मिलीं।

चंद्रबाबू नायडू 9 जून को शपथ लेने वाले थे, जिसमें उन्होंने मोदी को प्रधानमंत्री के तौर पर आमंत्रित किया था, लेकिन केंद्र में सरकार बनाने को लेकर असमंजसता थी। बुधवार को स्थिति साफ हुई तो नायडू ने अपने शपथ की तारीख 12 जून कर दी।

## ट्रैकिंग करने गए 22 में से 9 ट्रैकर्स की मौत, 13 को बचाया गया उत्तरकाशी के सहस्त्रताल में सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा

**उत्तरकाशी | आरएनएस**

उत्तराखंड के उत्तरकाशी में सहस्त्रताल ट्रैकिंग रूट चल रहा सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो चुका है. यहां ट्रैकिंग के दौरान खराब मौसम में फंसे 22 ट्रैकर्स में से 9 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 13 लोगों का रेस्क्यू कर उन्हें बचाया गया है. उत्तराखंड पुलिस ने सोशल साइट एक्स पर बताया कि सहस्त्रताल ट्रैक पर फंसे ट्रैकर्स की खोज के लिए संचालित रेस्क्यू अभियान संपन्न हो गया है. इस अभियान में 13 ट्रैकर्स को पिछले दिनों सुरक्षित रेस्क्यू किया गया था. हादसे में मरने वाले ट्रैकर्स की संख्या 9 हो गई है. सुरक्षित रेस्क्यू किये गए 8 ट्रैकर्स को देहरादून भेजा जा चुका है. 5 अन्य को आज देहरादून भेजा जा रहा है. घटनास्थल से बरामद सभी 9 शवों का जिला अस्पताल उत्तरकाशी लाकर पोस्टमॉर्टम कर वायुसेना के हेलीकॉप्टर से देहरादून भेजा जाएगा.



यह पुष्टि भारतीय वायुसेना की ओर से की गई है। वायुसेना की ओर से चीता और एमआई 17 हेलीकॉप्टरों ने लापता सदस्यों को खोजने के लिए अभियान चलाया था।

उत्तरकाशी के जिला मजिस्ट्रेट मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया था कि ट्रैकिंग दल में कर्नाटक के 18 और महाराष्ट्र का एक सदस्य था। इसमें 3 स्थानीय गाइड भी शामिल थे।यह दल 29 मई को सहस्त्र ताल की ट्रैकिंग पर निकले थे और उनको 7 जून को वापस लौटना था, लेकिन खराब मौसम के कारण ये मार्ग भटक गए थे।कर्नाटक के मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा ने भी मृतकों की जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की है।

## दिल्ली के तिहाड़ जेल में फिर चले चाकू, टिल्लू और गोगी गिरोह के बीच मारपीट

**नईदिल्ली | आरएनएस**

दिल्ली के तिहाड़ जेल में एक बार फिर कैदियों के बीच मारपीट की खबर सामने आई है। इस दौरान नुकीले सुआ और चाकू से हमले किए गए। घटना बुधवार दोपहर को घटी है।




रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली पुलिस के अधिकारी ने बताया कि मारपीट टिल्लू गिरोह के 2 कैदी गौरव और गुरिंदर ने शुरू की थी। उन्होंने गोगी गिरोह के सदस्य हितेश पर हमला कर दिया।दोनों ने हितेश को चाकू और सुआ से बुरी तरह घायल कर दिया।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि हितेश को डीडीयू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मारपीट के मामले में कैदियों की पहचान की जा रही है।मारपीट किस बात पर शुरू हुई, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे से जांच कर रही है और अन्य कैदियों से पूछताछ जारी है।पुलिस ने बताया कि मामले को लेकर हरिनगर थाने में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है।

जानकारी के मुताबिक, हितेश उर्फ हैप्पी बवाना में 5 साल पहले हुई हत्या के मामले में जेल में है। उसके ऊपर पीएस बवाना नाम के व्यक्ति की हत्या का आरोप है।इसके अलावा टिल्लू गैंग के गुरिंदर और गौरव भी हत्या के मामले में जेल में बंद हैं। टिल्लू और गोगी गिरोह में आपसी दुश्मनी है।बता दें, मई, 2023 में टिल्लू ताजपुरिया की तिहाड़ जेल में 15 मिनट में 90 वार करके मौत के घाट उतार दिया गया था।

## कोटा में नीट परिणाम के बाद छात्रा 9वीं मंजिल से कूदी, इस साल 11वां मामला

**जयपुर | आरएनएस**

राजस्थान के कोटा में एक छात्रा की आत्महत्या की खबर आई है। राष्ट्रीय प्रवेश-सह पात्रता परीक्षा (नीट) के परिणाम जारी होने के एक दिन बाद बुधवार को मेडिकल की तैयारी कर रही छात्रा ने अपनी जान दी।18 वर्षीय छात्रा की पहचान बागिशा तिवारी के रूप में हुई है। उसने अपार्टमेंट की 9वीं मंजिल के कूदकर जान दी।तिवारी मध्य प्रदेश के रीवा की रहने वाली थीं। वह मां और भाई के साथ जवाहर नगर इलाके में रह रही थीं।

पुलिस का कहना है कि छात्रा के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। इसलिए सभी कोणों से जांच की जा रही है। वह निजी कोचिंग में परीक्षा की तैयारी कर रही थी।छात्रा का भाई 12वीं में पढ़ता है। वह इंजीनियरिंग की तैयारी कर रहा है। पुलिस छात्रा की मां और उसके भाई से पूछताछ कर मामले की जानकारी ले रही है।पुलिस ने बताया कि छात्रा के कूदने से पहले उसकी मां ने उसे रोका था।

कोटा में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों की आत्महत्या का सिलसिला रुक ही नहीं रहा। इस साल जनवरी से जून तक 11 छात्रों ने तनाव में आकर जान दी है।बता दें कि पिछले साल 29 छात्रों ने जान दी थी। सितंबर, 2023 में 3 हफ्ते के अंदर 6 छात्रों ने मौत को गले लगाया था।कोटा में पिछले 9 साल में 130 छात्रों ने आत्महत्या की है। 2023 में सबसे अधिक 27 बच्चों ने जान दी थी।

## एनसीआर में दो दिन के लिए गर्मी से राहत, 9 जून के बाद फिर पारा होगा 45 के पार

**नोएडा | आरएनएस**

एनसीआर में रहने वालों को भीषण गर्मी से फिलहाल दो दिनों के लिए राहत मिलती दिखाई दे रही है। बुधवार रात कई जगहों पर हुई हल्की बारिश और तेज हवाओं ने मौसम का रुख बदल दिया है। फिलहाल सुबह तेज धूप के बजाय लोगों को थोड़ी राहत मिली है।



मौसम विभाग की मानें तो आने वाले 9 जून तक फिलहाल मौसम ऐसे ही बना रहेगा। आसमान में बादल छाए रहेंगे। तेज हवाओं के साथ हल्की बरसात हो सकती है, लेकिन 10 जून को फिर से भीषण गर्मी का सामना एनसीआर के लोगों को करना पड़ेगा। पारा 45 डिग्री के पार जा सकता है।

मौसम विभाग की मानें तो उसने अपनी वेबसाइट पर जो आंकड़े जारी किए हैं, उनके मुताबिक 6 जून को पारा 42 डिग्री के आसपास बना रहेगा और आसमान में बादल छाए रहेंगे। तेज हवाओं के साथ हल्की बरसात हो सकती है। 7 जून को पारा 43 डिग्री के आसपास रहेगा और आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। 8 जून को पारा 43 डिग्री के आसपास रहेगा और गर्म हवाओं का चलना शुरू हो जाएगा।

ठीक ऐसे ही 9 जून को भी पारा 1 डिग्री बढक़र 44 के पास पहुंच जाएगा और गर्म हवाओं का चलना शुरू हो जाएगा।

मौसम विभाग के मुताबिक, 10 जून से पारा 45 डिग्री के पार जाना शुरू हो जाएगा और आसमान में बादल छाने और तेज हवा या बारिश होने की संभावना नहीं है। माना जा रहा है कि उसके बाद एक बार फिर भीषण गर्मी का सामना एनसीआर के लोगों को करना पड़ सकता है।

एनसीआर के लोगों को इस समय गर्मी और बिजली कटौती की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। बिजली की डिमांड लगातार बढ़ती जा रही है। इसके चलते कई इलाकों में घंटों कटौती हो रही है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा की कई हाई राइज सोसायटी में लोग बिजली न आने से परेशान होकर सडक़ों पर उतरकर इसके खिलाफ प्रदर्शन भी कर रहे हैं।

वहीं अगर दिल्ली की बात करें तो बीते कई सालों का रिकॉर्ड दिल्ली में टूट चुका है और बिजली की मांग 8000 मेगावाट की मांग को पार कर चुकी है। बिजली के साथ-साथ पानी की किल्लत ने भी दिल्ली वासियों को परेशान कर रखा है।